भारत में गीति काव्य की प्राचीन परंपरा है। वेदों से पूर्व गीति काव्य की परंपरा है। साहित्य की शुरुआत ही गीति काव्य से हुई है। इसमें भावानुभूति, संगीतात्मकता, वैयक्तिकता आदि गुण होते हैं। भक्तिकालीन हिंदी और मराठी कवियों ने जनमानस में लोकप्रिय छंद, दोहों एवं पदों के माध्यम से अपनी भवभिक्ति की है। भक्ति काव्य एक ओर धार्मिक भावनाओं, भक्ति और श्रद्धा को उजागर करता है तो दूसरी ओर संगीतात्मकता और भावात्मकता के माध्यम से रस और भावनाओं को प्रकट करता है। नामदेव, कबीर, सूरदास, और मीराबाई गोस्वामी तुलसीदास, संत एकनाथ, संत तुकाराम आदि ने हिंदी और मराठी साहित्य को भक्ति काव्य के माध्यम से आध्यात्मिक और मानवीय दृष्टिकोण दिया है। उन्होंने समाज में धार्मिकता, नैतिकता और मानवीयता को उद्वेलित किया और समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा दिया। इन महान कवियों ने न केवल हिंदी साहित्य को धार्मिक और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूक किया बल्कि उनकी रचनाओं ने समाज को एक साथ लाने और भेदभाव को दूर करने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अत: उनका साहित्य आज भी प्रासंगिक है और अँधेरे में मार्ग आलोकित करता है। उनके द्वारा लिखित दोहे एवं पद जनमानस में प्रचलित एवं गाए जाते हैं। ये पद केवल गेय और जनसंवेद्य नहीं हैं बल्कि उनमें संगीत की रागरागिनियाँ भी विद्यमान हैं। इस दृष्टि से इन दोहों एवं पदों का महत्त्व और भी बढ़ता है। इसलिए भक्तिकालीन कवियों के प्रचलित गेय काव्य का अध्ययन आवश्यक है।

पाठ्यक्रम अध्ययन के परिणाम (Course learning Outcomes):

इस पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के पश्चात् निम्नलिखित परिणाम प्राप्त होंगे:

1. भक्तिकालीन कवियों के प्रचलित गेय काव्य का अध्ययन करने के पश्चात् छात्र गीति काव्य के मनोरंजन और मनोवैज्ञानिक प्रभाव का परिचय प्राप्त करेंगे।
2. छात्रों में सामाजिक सुधार के प्रति जागरूकता निर्माण होगी।
3. भाषा तथा साहित्यिक शैली के प्रति रूचि निर्माण होगी।
4. आदर्श गुरु का स्थान एवं महत्त्व समझकर विशद करने में सक्षम बन सकेंगे।

5. भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्व समझेंगे।
6. नैतिकता एवं सद्‌गुणों का प्रचार-प्रसार एवं विकास होगा।
7. सामाजिक न्याय और समानता की भावना का विकास होगा।
8. प्रेम और समर्पण भाव का महत्त्व जान पाएंगे।
9. नैतिक एवं चरित्रगत विकास होगा।
10. छात्रों में अध्यात्मिक भावना का विकास होगा।

MAPPING PROGRAM OUTCOMES WITH COURSE OUTCOMES & LEVEL OF MAPPING

[3= Fully Met, 2= Partially Met, 1= Poorly Met, Blank= Not Met]

Graduate Attributes	Disciplinary Knowledge	Communication Skills	Critical Thinking	Problem Solving	Analytical reasoning	Research-related Skills	Cooperation/ Team work	Scientific reasoning	Reflective thinking	Self-directed learning	Information / Digital literacy	Multicultural Competence	Moral & Ethical Values	leadership Readiness	life-long learning	Domen Knowledge	Professional Skill	Research	Social Responsibility	Personality Development
	PO-1	PO-2	PO-3	PO-4	PO-5	PO-6	PO-7	PO-8	PO-9	PO-10	PO-11	PO-12	PO-13	PO-14	PO-15	PSO-1	PSO-2	PSO-3	PSO-4	PSO-5
CO-1	3	2	2									2			1	2				1
CO-2	3		2	2	2	2	2	2	2	2			2	2	2	2			2	1
CO-3	3	2													1	2				1
CO-4	3					2							2		2	2		1	2	1
CO-5	3	2		2		2	2		2	2	1	2	2		1	2			2	1
CO-6	3						2		2				2		2	2			2	1
CO-7	3		2	2	2		2	2	2	2			2		2	2	1		2	1
CO-8	3						2		2	2			2		2	2			2	1
CO-9	3		2				2				1		2		2	2		1	2	1
CO-10	3		2	2			2		2	2		2	2	2	2	2	1	1	2	1
Wgt Avg	3	2	2	2	2	2	2	2	2	2	1	2	2	2	1.7	2	1	1	2	1

शिक्षा विधि (Pedagogy) :

व्याख्यान विधि, विश्लेषण विधि, सर्वेक्षण विधि, प्रत्यक्ष कार्य विधि।

इकाई	पाठ्यविषय	तासिकाएँ
इकाई - I	• **संत नामदेव :** 1. का करौं जाती का करों पांती। राजाराम सेऊं दिन राती॥ टेक॥ मन मेरी गज जिभ्या मेरी काती। रामरमे काटौं जम की फासी ॥१॥ अनंत नाम का सींऊं बागा। जा सीजत जम का डर भागा ॥२॥ सीबना सीऊं हौं सीऊं ईंब सीऊं। राम बिना हूं कैसे जीऊं ॥३॥	15

	सुरति की सूई प्रेमका धागा। नांमा का मन हरि सूं लागा ॥४॥ 2. साई मेरी रीझे सांचि। कूडै कपट न जाई राचि॥ टेक॥ भावै गावो भावै नाचौ। जब लगि नाहीं हिरदै सांची ॥१॥ अनेक सिगार करै बहु कामिनि। पीय के मनि नहीं भावै भामिनि ॥२॥ पतिव्रता पति ही की जाने। नामदेव कहै हरि ताकी मानै ॥३॥ 3. माधौ कैसे कीजै जोग। करत जोग बहुत कठिनाई तजि न सकौं या भोग ॥ टेक॥ नहीं मेरे रहणीं नहीं मेरे करणीं, बंध्यो पंच बसि पोष ॥१॥ नहीं मेरे ग्यान नहीं मेरे ध्यांना, ब्यापै हरि परसोक ॥२॥ में अनाथ सुकृत हीनों, तुम्हथै परयौ बियोग ॥३॥ भणत नामदेव हरि सरणि राषियों, नहीं तो हंसि हैं लोग ॥४॥ 4. जब देखा तब गावा। तउ जन धीरजु पावा ॥ नादि समाइलो रे सतिगुर भेटिले देवा ॥ जह झिलिमिली कारु दिसंता ॥ तह अनहद सबद बजंता ॥ जोति जोति समानी। मै गुरपरसादी जानी ॥ रतनकमल कोठरी। चमकार बिजुल तही ॥ नैरै नाही दूरि। निज आतमै रहिआ भरपूरि॥ जह अनहत, सूर उजारा। तह दीपक जलै छंछारा॥ गुर परसादी जानिआ। जतु नामा सहज समानिआ॥ 5. अस मन लाव राम रसना। तेरो बहुरी न होय जरा मरना॥१॥ जैसे मृगा नाद लव लावै। बान लगे वहि ध्यान लगावै॥२॥ जैसे कीट भृङ्ग मन दीन्ह। आपु सरीखे वा को कीन्ह॥३॥ नामदेव भनै दासन दास। अब न तजौं हरि चरन निवास॥४॥ • **कबीर :** 1. गुरु गोविन्द दोउ खड़े,काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने जिन गोविन्द दियो बताय। 2. सतगुरु की महिमा अनंत, अनंत किया उपगार, लोचन अनंत उघाडिया अनंत दिखावन हार। 3. कबीर गुरु गरवा मिल्या,रलि गया आटे लूँण, जाति पांति कुल सब मिटें,नौंव घरौगे कौण। 4. सतगुरु बपुरा क्या करें,जे सिषही माँहे चूक, भावे त्यूं प्रमोधि ले,ज्यूँ वंसी बजाई फूँक। 5. बूढ़े थे परी ऊबरे, गुर की लहरि चमंकि,	

	भेरा देख्या जरजरा,ऊतरी पड़े फरंकि। 6. भली भई गुरु मिल्या, 7. जाका गुरु भी अंधला, चेला खरा निरंध। अंधे अँधा ठेलियां, दोनों कूप पडंत॥ • **सूरदास :** 1. मैया मोरी मैं नहिं माखन खायो। भोर भयो गैयन के पाछे, मधुवन मोहिं पठायो । चार पहर बंसीबट भटक्यो, साँझ परे घर आयो ॥ मैं बालक बहिंयन को छोटो, छींको किहि बिधि पायो । ग्वाल बाल सब बैर परे हैं, बरबस मुख लपटायो ॥ तू जननी मन की अति भोरी, इनके कहे पतिआयो । जिय तेरे कछु भेद उपजि है, जानि परायो जायो ॥ यह लै अपनी लकुटि कमरिया, बहुतहिं नाच नचायो । 'सूरदास' तब बिहँसि जसोदा, लै उर कंठ लगायो ॥ 2. मैया मोहिं दाऊ बहुत खिझायो। मो सों कहत मोल को लीन्हों तू जसुमति कब जायो॥ कहा करौं इहि रिस के मारें खेलन हौं नहिं जात। पुनि पुनि कहत कौन है माता को है तेरो तात॥ गोरे नंद जसोदा गोरी तू कत स्यामल गात। चुटकी दै दै ग्वाल नचावत हंसत सबै मुसुकात॥ तू मोहीं को मारन सीखी दाउहिं कबहुं न खीझै। मोहन मुख रिस की ये बातैं जसुमति सुनि सुनि रीझै॥ सुनहु कान बलभद्र चबाई जनमत ही को धूत। सूर स्याम मोहिं गोधन की सौं हौं माता तू पूत॥ 3. मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी? किती बार मोहि दूध पियत भइ, यह अजहूँ है छोटी॥ तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्वैहै लाँबी-मोटी। काढ़त-गुहत-न्हवावत जैहै नागिनि-सी भुइँ लोटी॥ काँचौ दूध पियावति पचि-पचि, देति न माखन-रोटी। सूरज चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी॥ 4. किलकत कान्ह घुटुरुवनि आवत ।। मनिमय कनक नंद कै आँगन, बिम्ब पकरिबै धावत ॥ कबहुँ निरखि हरि आपु छाँह कौ, कर सौं पकरन चाहत । किलकि हँसत राजत द्वै दतियाँ, पुनि-पुनि तिहिं अवगाहत ॥ कनक-भूमि पर कर-पग छाया, यह उपमा इक राजति । करि-करि प्रतिपद प्रतिमनि बसुधा, कमल बैठकी साजति ।। बाल-दसा-सुख निरखि जसोदा, पुनि-पुनि नंद बुलावति । अँचरा तर लै ढाँकि, सूर के प्रभु को दूध पियावति ॥	

इकाई - II	• **मीराबाई** 1. पायो जी मैने राम रतन धन पायो वस्तु अमौलिक दी मेरे सतगुरु, किरपा करि अपनायो पायो जी मैने... जनम जनम की पूंजी पाई, जग में सभी खोवायो पायो जी मैने... खर्च ना खूटे वाको चोर ना लूटे, दिन दिन बढ़त सवायो पायो जी मैने... सत की नांव, खेवटिया सतगुरु, भवसागर तर आयो पायो जी मैने... मीरा के प्रभु गिरधर नागर, हरख हरख जस गायो पायो जी मैने राम रतन धन पायो 2. मैं गिरधर के घर जाऊँ। गिरधर म्हाँरो साँचो प्रीतम देखत रूप लुभाऊँ॥ रैण पड़ै तब ही उठ जाऊँ भोर भये उठ आऊँ। रैण दिना वा के संग खेलूँ ज्यूँ त्यूँ ताही रिझाऊँ॥ जो पहिरावै सोई पहिरूँ जो दे सोई खाऊँ। मेरी उण की प्रीत पुराणी उण बिन पल न रहाऊँ॥ जहाँ बैठावें तितही बैठूँ बेचै तो बिक जाऊँ। मीरा के प्रभु गिरधर नागर बार-बार बलि जाऊँ॥ 3. हे री मैं तो प्रेम दीवानी, मेरो दर्द न जाणै कोय। घायल की गति घायल जाणै, जो कोई घायल होय। जौहरी की गति जौहर जाणै, जो कोई जौहर होय। सूली ऊपर सेज पिया की, मिलना किस विध होए। गगन मण्डल पर सेज पिया की, किस विध मिलणा होय। दर्द की मारी बन-बन डोलूँ, वैध मिला नहिं कोय। मीरा की प्रभु पीर मिटेगी, जद वैध साँवरिया होय। 4. मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई जाके सर मोर मुकुट मेरो पति सोई मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई कोई कहे कारो, कोई कहे गोरो कोई कहे कारो, कोई कहे गोरो	15

	लियोन हे अक्खियां को कोई कहे हलकों, कोई कहे भरो कोई कहे हलकों, कोई कहे भरो लियोन हे तराजू टोल मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई कोई कहे छानी, कोई कहे छावनी कोई कहे छानी, कोई कहे छावनी लियोन हे पचंता टोल तन का गहना मैं सब कुछ दिन तन का गहना, सब कुछ दिन दियो है बाजूबंद खोल मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई जाके सर मोर मुकुट मेरो पति सोई मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई • **गोस्वामी तुलसीदास** श्री रामचन्द्र कृपालु भजुमन हरण भवभय दारुणं । नव कंज लोचन कंज मुख कर कंज पद कंजारुणं ॥१॥ कन्दर्प अगणित अमित छवि नव नील नीरद सुन्दरं । पटपीत मानहुँ तडित रुचि शुचि नोमि जनक सुतावरं ॥२॥ भजु दीनबन्धु दिनेश दानव दैत्य वंश निकन्दनं । रघुनन्द आनन्द कन्द कोशल चन्द दशरथ नन्दनं ॥३॥ शिर मुकुट कुंडल तिलक चारु उदारु अङ्ग विभूषणं । आजानु भुज शर चाप धर संग्राम जित खरदूषणं ॥४॥ इति वदति तुलसीदास शंकर शेष मुनि मन रंजनं । मम् हृदय कंज निवास कुरु कामादि खलदल गंजनं ॥५॥ मन जाहि राच्यो मिलहि सो वर सहज सुन्दर सांवरो ।	

करुणा निधान सुजान शील
स्नेह जानत रावरो ॥६॥

एहि भांति गौरी असीस सुन सिय
सहित हिय हरषित अली।
तुलसी भवानिहि पूजी पुनि-पुनि
मुदित मन मन्दिर चली ॥७॥

॥सोरठा॥
जानी गौरी अनुकूल सिय
हिय हरषु न जाइ कहि ।
मंजुल मंगल मूल वाम
अङ्ग फरकन लगे।

- **संत एकनाथ :**

1. भला संतनका संग। खावे निजबोधन की भंग।
सदर आनंदमो दंग। ऐसा मंगल फकीर॥1॥
ग्यानके मैदान खडे। समदरसे आन लढे।
बहोतो के तखत चढे। ऐसा मंगल फकीर॥2॥
किया संतनका दुमाल। मेरा तुटा बहु जंजाल।
ऐसा एकनाथ कंगाल। ऐसा मंगल फकीर॥3॥

2. दिलमें याद करो रे। जनम का सार्थक करो रे॥1॥
सारे दिन करत पेट्खातर धंदा।
विठ्ठल नाम लेवत नहीं केंवरे तुं गधा॥2॥
जमका सेटा बाजे पीठपर कोई आवे नहीं सात।
एका जनार्दन नाम पुकारे करो हरिनाम बात॥3॥

3. दिलकी गांठ खोली। यारो नाम बोलो ॥1॥
कुनई आवे सात। मुंडे कायकु करे बात॥2॥
जोरू लरके माबाप। सब पसारे हात॥3॥
हत्ती घोडे पालख मेना। नहीं आवे सात॥4॥
दो दिन का बाजार यारो। कायकु करता बात॥5॥
झूटी माया झूटी माया। झूटा सब दिन रात॥6॥
एका जनार्दन बोले भाई। कोही नहीं आवे सात॥7॥

4. लखो बुलबुल है। दावोजी मुबा रखो॥ध्रु॥
झूटा तेरा जप भात-रोटी गप।
सद्गुरुमें छप। तुझ काल करेगा गप॥1॥
लगो मुख लिया नाम। आंदर भरा है काम।
ऐसा केंव हुवा बेफाम। तुझ कहां मिलेगा राम॥2॥
मोकू आंगकुं लगया राख। दिलमो नापाक।

	ऐसा देखे लख। एका जनार्दनीं देख॥3॥ 5. हम तो जोगी रे बाबा संजोगी ॥ध्रु॥ बहुत दिन के पुराणें। बिरला बुझे कोई लाखों में। गुरु साहेब जाणे॥1॥ जपका जोगी तपका जोगी ना जोगी जुगजुग जावे। हातमो प्याला लिया। प्रेमका जोगी भरभर पीवे॥2॥ जोगी कू धुंडत जोगया कीने लछे नहीं पाया। एका जनार्दन कृपासो जोगी पकरही लाया॥3॥ • **संत तुकाराम :** 8. लोभी के चित्त धन बैठे। कामिनी के चित्त काम। माता के चित्त पूत बैठे। तुका के मन राम॥ 9. तुका दास तिनका रे। रामभजन निरास। क्या बिचारे पंडित करो रे। हात पसारे आस॥ 3. तुका सुरा नहिं सबदका रे। जब कमाई न होय। चोट साहे घनकी रे। हीरा नीबरे तोय॥ 4. चित्त मिले तो सब मिले। नहिं तो फुकट संग। पानी पाथर एक ठोर। कोरा न भिजे अंग॥ 5. तुका संगत तिनसे कहिये। जिनसे सुख दुनाय। दुर्जन तेरा मुख काला। थीता प्रेम घटाये॥	

अंक विभाजन

आतंरिक मूल्यांकन - 30%

1. 15 अंकों की लघुत्तरी परीक्षा/भक्तिकालीन पदों का संकलन/पदों का कंठस्थीकरण/छात्र गोष्ठी/समुह चर्चा आदि।

सत्रांत परीक्षा - 70%

1. प्रश्न 1 इकाई I पर चार प्रश्न,जिनमें से दो प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं। (शब्द सीमा 300) $2 \times 7 = 14$
2. प्रश्न 2 इकाई II पर चार प्रश्न, जिनमें से दो प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं। $2 \times 7 = 14$
3. प्रश्न 3 दोनों इकाइयों पर सात बहुपर्यायी प्रश्न $7 \times 1 = 7$

संदर्भ ग्रंथ :

1. कबीर ग्रंथावली - श्यामसुंदरदास, प्रकाशन संस्थान, दरियागंज, नई दिल्ली।
2. सूरदास - आचार्य रामचंद्र शुल्क, चिंतन प्रकाशन, कानपूर।
3. निर्गुण कवियों के सामाजिक आदर्श - डॉ. विमल महता, आशा प्रकाशन गृह, नई दिल्ली।

4. कबीर - आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. मीरां - व्यक्तिव्य और कृतित्व श्रीशरण, आधुनिक प्रकाशन, नई दिल्ली।
6. सूरदास - संपा. हरवंशलाल शर्मा, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली।
7. सूरदास और उनका भ्रमरगीत - डॉ. श्रीनिवास शर्मा, अशोक प्रकाशन, दिल्ली।
8. विनय पत्रिका - गोस्वामी तुलसीदास, गीता प्रेस, गोरखपुर।
9. श्री नामदेव गाथा, प्रकाशक - महाराष्ट्र राज्य साहित्य आणि संस्कृती मंडळ, मुंबई, पुनर्मुद्रित संस्करण - जून २००८।
10. सार्थ-एकनाथी भारूडे, किसनमहाराज साखरे, प्रकाशक - यशोधन प्रकाशन, साधकाश्रम-आळंदी देवाची, पुणे - 412105।
11. श्री संत तुकाराम महाराज गाथा, संपादक श्री. वै.ह.भ.प बाबुराव महाराज देवडीकर, प्रकाशक : राहुल धार्मिक वाङ्मय सेवा प्रकाशन, 3 री आवृत्ती - 2019।

◈ ◈ ◈

द्वितीय वर्ष कला (हिंदी) द्वितीय वर्ष / तृतीय अयन
AEC 1 Credit Theory

विषय कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक		Theory/Practical		कर्मांक
HIN - 231 - AEC	AEC	हिंदी भाषा क्षमता संवर्धन भाग-I	सैद्धांतिक	T	2

पाठ्यक्रम का लक्ष्य (Aims) :

भाषिक क्षमता विकास इस विषय पर केंद्रित यह पाठ्यक्रम छात्रों की भाषाई क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। भाषिक क्षमता विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा भाषा के सुनना, बोलना, पढना और लिखना आदि अंगों को समझा जाता है। भाषा मनुष्य के भाव, विचारो को अन्य व्यक्ति के सम्मुख व्यक्त करने का महत्वपूर्ण साधन है। सफल और प्रभावशाली संप्रेषण के लिए भाषाई क्षमता की आवश्यकताएँ है। वास्तव में भाषा क्षमता संवर्धन भाषा का व्यावहारिक पक्ष है, जो हमें प्रभावी ढंग से संवाद करने, ज्ञान प्राप्त करने, विभिन्न संस्कृतियों को समझने में मदत करता है। व्यक्तित्व के विकास में भाषा कौशल महत्वपूर्ण है। भाषा पर अधिकार आने से रोजगार की संभावनाए भी अधिक होती । इस दृष्टि से स्नातक स्तर पर छात्रों के लिए यह विषय आवश्यक है।

पाठ्यक्रम अध्ययन के परिणाम (Course Learning Outcoms)

1. छात्रों में हिंदी भाषा की क्षमता का संवर्धन होगा तथा भाषिक कौशल से परिचित होंगे।
2. छात्र भाषिक विकास से परिचित होंगे।
3. छात्र भाषा क्षमता संवर्धन के आधार को समझ सकेंगे।
4. छात्र हिंदी वर्णमाला से परिचित होंगे।
5. भाषिक कौशल अध्ययन से छात्र शिक्षा और ज्ञान को प्राप्त कर सकेंगे।
6. छात्र भाषिक क्षमता संवर्धन के माध्यम से संप्रेषण करने में सफल होंगे।
7. भाषिक कौशल विकसित होने से रोजगार प्राप्त कर सकेंगे।
8. छात्र भाषिक कौशल के विविध संदर्भ से परिचित होंगे।
9. छात्र अपने भाव एवं विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकेंगे।
10. क्षमता संवर्धन के पठित कहानी और कविता के अध्ययन से नैतिक मूल्य विकसित होंगे।

MAPPING PROGRAM OUTCOMES WITH COURSE OUTCOMES & LEVEL OF MAPPING

[3= Fully Met, 2= Partially Met, 2= Poorly Met, Blank= Not Met]

Graduate Attributes	Disciplinary Knowledge	Communication Skills	Critical Thinking	Problem Solving	Analytical Reasoning	Research-related skills	Cooperation/Team Work	Scientific Reasoning	Reflective Thinking	Self-Directed Learning	Information /Digital Literacy	Multicultural Competence	Moral & Ethical Values	Leadership Readiness	Life-long Learning	Domen Knowledge	Professional Skills	Research	Social Responsibility	Personality Development
	PO-1	PO-2	PO-3	PO-4	PO-5	PO-6	PO-7	PO-8	PO-9	PO-10	PO-11	PO-12	PO-13	PO-14	PO-15	PSO-1	PSO-2	PSO-3	PSO-4	PSO-5
CO-1	2	2	3	3	2	2	2	2	3	2	3	3	2	2	2	3	2	2	3	2
CO-2	2		3	2	2	2	2	2	2	2	3	3	2	2		3	2	2	2	2
CO-3	3	3	3	2	2	2	3	2	2	2	2	3	2	2	2	3	2	2	2	3
CO-4	3		3	3	2	2	2	2	3	2	2	3	2	2	2	3	2	2	3	3
CO-5	3	2	3			2			2	2	3	3	2	2		3	2	2	3	2
CO-6	2			3			2		3	2	3	3		2	2	3		2	3	3
CO-7	2		3	2	2	2	2	2	2	2	3	3	2	2		3	2	2		2
CO-8	3	3	3	2	2	2	2	2	2	2	3	3	2	2	2	3	2	2	2	2
CO-9	3		2	2	2	2	2	2	2	2	2	3	2	2	2	3	2	2		2
CO-10	3	2	2	2	2	2	2	2	2	2	3	3	2	2	2	3	2	2	2	2
Wgt Avg	2.6	2.4	2.7	2.3	2	2	2.1	2	2.3	2	2.7	3	2	2	2	3	2	2	2.5	2.3

शिक्षा विधि (Pedagogy) :

व्याख्यान विधि, विश्लेषण विधि, सर्वेक्षण विधि, प्रत्यक्ष कार्य विधि।

इकाई	पाठ्यविषय	तासिकाएँ
इकाई I	**वर्ण विचार:** 1. हिंदी वर्णमाला: वर्णों का उच्चारण और वर्गीकरण 2. स्वरों के भेद 3. व्यंजनों के भेद 4. संधि :स्वर संधि, व्यंजन संधि विसर्ग संधि 5. संज्ञा के भेद :पदार्थ वाचक संज्ञा, भाव वाचक संज्ञा। 6. **सर्वनाम के भेद :** ▪ पुरुषवाचक सर्वनाम (मैं, तू, आप), ▪ निजवाचक सर्वनाम (आप) ▪ निश्चयवाचक सर्वनाम (यह, वह, सो) ▪ संबंध वाचक सर्वनाम (जो) ▪ प्रश्नवाचक सर्वनाम (कौन, क्या) ▪ अनिश्चयवाचक सर्वनाम (कोई, कुछ)	15

इकाई II	**साहित्य परिचय(कविता/ कहानी)** **कविता:** 1. मुकरियाँ (3) - भारतेंदु हरिश्चंद्र 2. चरण चले, ईमान अचल हो - माखनलाल चतुर्वेदी 3. किसान - मैथिलीशरण गुप्त 4. बहुत दिनों के बाद - नागार्जुन 5. भाईचारा - भवानीप्रसाद मिश्र 6. हिमालय के प्रति - रामधारी सिंह दिनकर **कहानी :** 2. फूलो का कुरता - यशपाल 3. आमों का टोकरा - सआदत हसन मंटो 4. तलाश - सूर्यबाला	15

अंक विभाजन:

आतंरिक मूल्यांकन - 30%

1. 15 अंकों की लघुत्तरी परीक्षा/छात्र गोष्ठी/लेखक, कवि साक्षात्कार/समुह चर्चा आदि।

सत्रांत परीक्षा - 70%

1. प्रश्न 1 - इकाई i पर चार प्रश्न, जिसमें से दो प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं। (शब्द सीमा 300) $2 \times 7 = 14$
2. प्रश्न 2 - इकाई ii पर चार प्रश्न, जिसमें से दो प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं। $2 \times 7 = 14$
3. प्रश्न 3 - दोनों इकाइयों पर सात बहु पर्यायी प्रश्न। $7 \times 1 = 7$

संदर्भ ग्रंथ

1. विशुद्ध हिंदी - डॉ. सदानंद भोसले, विकास प्रकाशन, कानपूर
2. भाषा शिक्षण - डॉ. रविंद्रनाथ श्रीवास्तव, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
3. हिंदी शिक्षण - डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. बनवारीलाल जैन, शिक्षा प्रकाशन, जयपुर
4. हिंदी शिक्षण - उषा सिंहल, सौरभ प्रकाशन, दिल्ली
5. भाषा शिक्षण तथा भाषा विज्ञान - बृजेश्वर वर्मा, केंद्रीय हिंदी संस्थान, दिल्ली

❀✿❀

चतुर्थ अयन

विषय कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक		Theory/ Practical	कर्मांक	पृष्ठ क्रमांक
HIN - 251 - MJ	Major Core	भारतीय काव्यशास्त्र	सैद्धांतिक	4	
HIN - 252 - MJ		भारतीय काव्यशास्त्र प्रत्यक्ष कार्य	प्रात्यक्षिक	2	
HIN - 271 - VSC	VSC	अनुवाद व्यवहार	प्रात्यक्षिक	2	
HIN - 281 - CEP	CEP	सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम	प्रात्यक्षिक	2	
HIN - 291 - MN	Minor	भारतीय बाल कहानियाँ	सैद्धांतिक	2	
HIN - 292 - MN		बाल कहानियाँ लेखन	प्रात्यक्षिक	2	
HIN - 271 - OE	GE/OE	हिंदी गीत और एकांकी लेखन	प्रात्यक्षिक	2	
HIN - 251 - SEC	SEC	व्यावहारिक हिंदी	प्रात्यक्षिक	2	
HIN – 281 - AEC	AEC	हिंदी भाषा क्षमता संवर्धन भाग - II	सैद्धांतिक	2	

द्वितीय वर्ष कला (हिंदी) द्वितीय वर्ष / चतुर्थ अयन

Major Core Corse: 4 Credit Theory

विषय कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक		Theory/Practical		कर्मांक
HIN - 251 - MJ	Major Core	भारतीय काव्यशास्त्र	सैद्धांतिक	T	4

पाठयक्रम का लक्ष्य (Aims):

'भारतीय काव्यशास्त्र' विषय पर केंद्रित यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को काव्य की मूलभूत अवधारणाओं, सिद्धांतों तथा उनके साहित्यिक महत्व को समझने, विश्लेषण करने और काव्य रचनाओं में उनकी पहचान करने की क्षमता प्रदान करने हेतु तैयार किया गया है। यह पाठ्यक्रम छात्रों को काव्य की परिभाषा, लक्षण, प्रयोजन तथा उसके प्रमुख तत्वों से परिचित कराते हुए उनमें साहित्यिक सौंदर्यबोध को विकसित करेगा। काव्य के हेतु तथा प्रयोजन के विवेचन के माध्यम से वे रचना की गूढ़ता को समझ पाएँगे। रस सिद्धांत के अंतर्गत छात्र रस की अवधारणा, भरतमुनि का रस सूत्र, रस के अंग, रस निष्पत्ति की प्रक्रिया तथा साधारणीकरण सिद्धांत को समझेंगे जिससे वे काव्य की भावानुभूति एवं सौंदर्य की गहराई तक पहुँच सकेंगे। अलंकार शास्त्र के अंतर्गत शब्दालंकार, अर्थालंकार एवं उभयालंकार की परिभाषा, स्वरूप और सौंदर्यात्मक उपयोगिता का विश्लेषण का अध्ययन करेंगे। साथ ही छात्र अलंकार और अलंकार्य के भेद को समझकर काव्य में अलंकारों के प्रयोग का विवेचन करना सीखेंगे। शब्दशक्ति के अंतर्गत अभिधा, लक्षणा और व्यंजना की गरिमा समझानी है। औचित्य सिद्धांत के अंतर्गत वे औचित्य की अवधारणा, उसके विविध भेदों तथा काव्य में औचित्य की अनिवार्यता और उपयुक्तता को उदाहरण के द्वारा समझानी है।

पाठ्यक्रम अध्ययन के परिणाम (Course learning Outcomes):

1. यह पाठ्यक्रम पूर्ण करने के पश्चात छात्र काव्य की परिभाषा तथा लक्षणों के द्वारा साहित्य की अवधारणा को समझेंगे।
2. छात्र काव्य के प्रयोजन तथा साहित्यिक रचनाओं के उद्देश्य का विश्लेषण कर सकेंगे।
3. छात्र काव्य के प्रमुख तत्वों का समीक्षात्मक विश्लेषण करने में सक्षम होंगे।
4. छात्र रस की अवधारणा, रस सूत्र तथा रस निष्पत्ति की प्रक्रिया को समझ सकेंगे।
5. छात्र काव्य में रस के अंग तथा साधारणीकरण सिद्धांत की जानकारी प्राप्त करेंगे।
6. छात्र अलंकार की परिभाषा, स्वरूप एवं काव्य में उसकी प्रासंगिकता को स्पष्ट कर सकेंगे।

7. छात्र अलंकार एवं अलंकार्य के अंतर को समझते हुए काव्य के सौंदर्यशास्त्रीय पक्ष को समझने में सक्षम होंगे।
8. छात्र काव्य में अलंकारों की उपादेयता तथा उनका सौंदर्यात्मक मूल्यांकन कर सकेंगे।
9. छात्र शब्दशक्ति एवं औचित्य की अवधारणा एवं उसके विविध भेदों का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।
10. छात्र साहित्यिक रचनाओं का समीक्षात्मक अध्ययन करने में सक्षम होंगे।

MAPPING PROGRAM OUTCOMES WITH COURSE OUTCOMES & LEVEL OF MAPPING

[3= Fully Met, 2= Partially Met, 1= Poorly Met, Blank= Not Met]

Graduate Attributes	Disciplinary Knowledge	Communication Skills	Critical Thinking	Problem Solving	Analytical Reasoning	Research-related Skills	Cooperation/Team Work	Scientific Reasoning	Reflective Thinking	Self-directed learning	Information /Digital literacy	Multicultural Competence	Moral & Ethical Values	leadership Readiness	life-long learning	Domen Knowledge	Professional Skills	Research	Social Responsibility	Personality Development
	PO-1	PO-2	PO-3	PO-4	PO-5	PO-6	PO-7	PO-8	PO-9	PO-10	PO-11	PO-12	PO-13	PO-14	PO-15	PSO-1	PSO-2	PSO-3	PSO-4	PSO-5
CO-1	3		1			1				2		1	1		2	3				
CO-2	3	2	1		2				2	2					2	3		2		
CO-3	3	2	1		2				2	2	1		1	1	2	3		2		
CO-4	3		1							2					2					
CO-5	3	2	1	1	2	1			2	2					2	3		2		
CO-6	3	2	1		2				2	2					2	3		2	2	
CO-7	3	2	1		2		1	1	2	2					2	3	2			
CO-8	3	2	1	1	2	1		1	2	2		1		1	2	3	2	2		2
CO-9	3						1			2			1		2	3		2		
CO-10	3	2			2	1			2	2	1	1		1	2	3	2	2		
Wgt Avg	3	2	1	1	2	1	1	1	2	2	1	1	1	1	2	3	2	2	2	2

शिक्षा विधि (Pedagogy) :

व्याख्यान विधि, विश्लेषण विधि, सर्वेक्षण विधि, प्रत्यक्ष कार्य विधि।

इकाई	पाठ्यविषय	तासिकाएँ
इकाई I	**काव्य** 1. काव्य परिभाषा और काव्य लक्षण 2. काव्य हेतु 3. काव्य प्रयोजन 4. काव्य के तत्व (भाव, बुद्धि, कल्पना और शैली)	15

इकाई II	**रस** 1. रस की अवधारणा 2. रस सूत्र 3. रस के अंग 4. रस निष्पत्ति 5. साधारणीकरण का सिद्धांत	15
इकाई III	**अलंकार सिद्धांत:** 1. अर्थ, स्वरूप, परिभाषा 2. अलंकार और अलंकार्य 3. काव्य में अलंकार का महत्व	15
इकाई IV	**शब्दशक्ति तथा औचित्य सिद्धान्त** 1. शब्दशक्ति - अभिधा, लक्षणा, व्यंजना का सामान्य परिचय 2. औचित्य की अवधारणा 3. औचित्य के भेद 4. काव्य में औचित्य का महत्व	15

अंक विभाजन:

आंतरिक मूल्यांकन : 30 %

1. 15 अंकों की लघुत्तरी परीक्षा/अध्ययन यात्रा/पुस्तक परीक्षण/क्षेत्रीय भेंट/ लेखक आदि का साक्षात्कार, समूह चर्चा, छात्र संगोष्ठी।

सत्रांत परीक्षा : 70 %

चार इकाइयों पर अथवा में एक-एक प्रश्न। कुल चार प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य। $4 \times 15 = \mathbf{60}$

प्रश्न 5 : वस्तुनिष्ठ बहु पर्यायी $10 \times 1 = \mathbf{10}$

पहली और दूसरी इकाई पर दो-दो और तीसरी और चौथी इकाई पर तीन-तीन बहु पर्यायी प्रश्न।

संदर्भ ग्रंथ:

1. काव्यशास्त्र, भगीरथ मिश्र, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद

2. काव्यशास्त्र की भूमिका, डॉ, नगेन्द्र, राजपाल एंड सन्स, दिल्ली

3. भारतीय साहित्यशास्त्र, बलदेव उपाध्याय, हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

4. साहित्यशास्त्र के मुख्य सिद्धांत, डॉ, राममूर्ति त्रिपाठी, पुस्तक भवन, इलाहाबाद

5. हिंदी काव्यशास्त्र, आचार्य शांतिलाल जैन, गांधी

द्वितीय वर्ष कला (हिंदी) द्वितीय वर्ष / चतुर्थ अयन

Major Core Corse credit Theory and 2 credit Practical

विषय कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक		Theory/Practical		कर्मांक
HIN - 252 - MJ	Major Core	भारतीय काव्यशास्त्र प्रत्यक्ष कार्य	प्रात्यक्षिक	P	2

पाठयक्रम का लक्ष्य (Aims):

प्रात्यक्षिक कार्य इस पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पक्ष है जिसके माध्यम से छात्र काव्यशास्त्र के सिद्धांतों को न केवल सैद्धांतिक रूप में जानेंगे बल्कि उनका व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त करेंगे। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को काव्यशास्त्र के मौलिक सिद्धांतों से अवगत कराते हुए उनमें रस, अलंकार और औचित्य के सैद्धांतिक और प्रायोगिक ज्ञान का विकास करना है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत छात्र शब्दालंकार, अर्थालंकार और मिश्रालंकार के प्रकारों का गहन अध्ययन करेंगे। यमक, अनुप्रास, वक्रोक्ति, श्लेष जैसे शब्दालंकारों और उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति, दृष्टांत, संदेह, विरोधाभास, मानवीकरण जैसे अर्थालंकारों का सम्यक् विवेचन करेंगे ताकि वे इन अलंकारों के सौंदर्यात्मक और रचनात्मक प्रयोग को समझ सकें। छत्रों से कवियों की रचनाओं का प्रत्यक्ष अध्ययन करवाया जाएगा जिससे वे अलंकारों की सूक्ष्मता का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही श्रृंगार, वीर, करुण, हास्य, रौद्र, भयानक, अद्‌भुत, शांत, वात्सल्य और भक्ति जैसे रसों का अध्ययन करते हुए भावनात्मक और काव्यात्मक गहराई की समझ विकसित करनी है। समग्रतः यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों की साहित्यिक अभिरुचि को न केवल परिष्कृत करेगा बल्कि उनके चिंतन, विश्लेषण और सृजनात्मक क्षमताओं को भी प्रगल्भ बनाएगा। इसके साथ ही छात्र काव्यशास्त्र के सिद्धांतों के व्यावहारिक प्रयोग में दक्ष होंगे और साहित्यिक रचनाओं की सम्यक् व्याख्या और मूल्यांकन करने में सक्षम बनाना है।

पाठ्यक्रम अध्ययन के परिणाम (Course learning Outcomes):

1. यह पाठ्यक्रम पूर्ण करने के पश्चात छात्र शब्दालंकारों की पहचान कर उनके प्रयोग का विश्लेषण कर सकेंगे।
2. छात्र अर्थालंकारों के स्वरूप को समझकर उनका विवेचन कर सकेंगे।
3. छात्र मिश्रालंकारों के प्रकारों को स्पष्ट कर काव्य उदाहरणों के माध्यम से उनका विश्लेषण कर सकेंगे।
4. विभिन्न कवियों की रचनाओं का अध्ययन कर उनमें निहित अलंकारों का संकलन एवं विश्लेषण कर सकेंगे।
5. छात्र काव्य में अलंकारों की उपादेयता एवं सौंदर्यात्मक महत्व को प्रतिपादित कर सकेंगे।
6. छात्र रस के प्रकारों की अवधारणा को समझ सकेंगे।

7. छात्र विभिन्न रसों की विशेषताओं को उदाहरणों के माध्यम से व्याख्यायित कर सकेंगे।
8. छात्र काव्य पाठ से रसों के उदाहरण संकलित कर उनका विश्लेषण प्रस्तुत कर सकेंगे।
9. छात्र रसों के आधार पर काव्य की भावात्मक अभिव्यक्ति एवं प्रभाव का मूल्यांकन कर सकेंगे।
10. रस एवं अलंकार के समन्वय से उत्पन्न काव्य-सौंदर्य को अंकित कर सकेंगे।

MAPPING PROGRAM OUTCOMES WITH COURSE OUTCOMES & LEVEL OF MAPPING

[3= Fully Met, 2= Partially Met, 1= Poorly Met, Blank= Not Met]

Graduate Attributes	Disciplinary Knowledge	Communication Skills	Critical Thinking	Problem Solving	Analytical Reasoning	Research-related Skills	Cooperation/Team Work	Scientific Reasoning	Reflective Thinking	Self-directed learning	Information /Digital literacy	Multicultural Competence	Moral & Ethical Values	leadership Readiness	life-long learning	Domen Knowledge	Professional Skills	Research	Social Responsibility	Personality Development
	PO-1	PO-2	PO-3	PO-4	PO-5	PO-6	PO-7	PO-8	PO-9	PO-10	PO-11	PO-12	PO-13	PO-14	PO-15	PSO-1	PSO-2	PSO-3	PSO-4	PSO-5
CO-1	3	2	3		2	2				2						3	2	2		
CO-2	3		3		2	2				2						3	2	2		
CO-3	3	2	3		2	2				2						3	2	2		
CO-4	3		3		2	2				2						3	2	2		
CO-5	3	2				2				2						3	2	2		
CO-6	3									2					2	3		2		
CO-7	3		3		2	2				2						3	2	2		
CO-8	3	2	3		2	2				2						3	2	2		
CO-9	3		2		2	2			2	2					2	3	2	2		
CO-10	3		2		2	2									2	3	2	2		
Wgt Avg	3	2		2.7	2	2			2	2					2	3	2	2		

शिक्षा विधि (Pedagogy) :

प्रत्यक्ष कार्य विधि।

इकाई	पाठ्यविषय	तासिकाएँ
इकाई I	**अलंकार के प्रकार** 1. **शब्दालंकार:** यमक, अनुप्रास, वक्रोक्ति, श्लेष । 2. **अर्थालंकार:** उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति, दृष्टांत, संदेह, विरोधाभास, मानवीकरण । 3. **मिश्रालंकर:** संसृष्टि, संकर । 4. छात्रों से अलंकार भेद के अध्ययन हेतु कवियों की रचनाओं का प्रत्यक्ष अध्ययन करवाकर विविध अलंकारों के उदाहरणों का भेदानुरूप का संकलन कर विश्लेषण करवाना अपेक्षित है ।	30

इकाई II	**रस के भेद** 1. श्रृंगार रस, हास्य रस, करुण रस, वीर रस, रौद्र रस ,भयानक रस, अद्‌भुत रस, शांत रस, वात्सल्य रस, भक्ति रस। 2. छात्रों से रस के भेदों के अध्ययन हेतु कवियों की रचनाओं का प्रत्यक्ष अध्ययन करवाकर विविध रसों के उदाहरणों का भेदानुरूप संकलन कर विश्लेषण करवाना अपेक्षित है।	30

अंक विभाजन:

आतंरिक मूल्यांकन - 30% (15 अंक)

1. 15 अंकों के लिए अध्ययन यात्रा/ अलंकारों के उदहारण संकलन/छात्र गोष्ठी/ मौखिक परीक्षा/ लिखित परीक्षा / परियोजना / क्षेत्रीय भेंट / ग्रंथालय कार्य / समूह चर्चा / प्रस्तुति / शोध परियोजना आदि।

सत्रांत परीक्षा - 70% (35 अंक) प्रात्यक्षिक सत्रांत परीक्षा।

1. **प्रश्न** 1 **और** 2 - इकाई I और II पर 10 + 10 = 20 अंको के लिए अलंकार और रस संबंधी उदहारण लिखकर प्रत्यक्ष कार्य छात्रों से करवाना होगा। जैसे - अलंकार और रस के उदाहरणों का लेखन, वाचन एवं मूल्यांकन आदि।

   प्रश्न 3 - इकाई I और II पर सृजनात्मक विकास और रस तथा अलंकार आधारित छात्रों की मौखिकी लेनी होगी। मौखिकी के लिए 15 अंक होंगे।

संदर्भ ग्रंथ:

1. नाट्यशास्त्र, भरतमुनि, अनुवादक: मनोमोहन घोष, एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता
2. रसगंगाधर, पं. जगन्नाथ, संपादक: द्वारका प्रसाद शर्मा, चौखम्बा संस्कृत सीरीज ऑफिस, वाराणसी
3. काव्यप्रकाश, मम्मट, अनुवादक: एस. के. डे, साहित्य अकादमी, दिल्ली
4. साहित्यदर्पण, विश्वनाथ, अनुवादक: पी. वी. केन, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली
5. रश्मिरथी, रामधारी सिंह 'दिनकर', लोकभारती प्रकाशन, दिल्ली
6. कामायनी, जयशंकर प्रसाद, लोकभारती प्रकाशन, दिल्ली
7. सूरसागर, सूरदास, संपादक: परशुराम चतुर्वेदी, हिन्दुस्तानी अकादमी, लखनऊ
8. रामचरितमानस, तुलसीदास, संपादक: रामकुमार दास, गीता प्रेस, गोरखपुर

द्वितीय वर्ष कला (हिंदी) द्वितीय वर्ष / चतुर्थ अयन
VSC (Vocationa l Skill Course) 02 Credit (Partic le)

विषय कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक		Theory/Practical		कर्मांक
HIN - 271 - VSC	VSC	अनुवाद व्यवहार	प्रात्यक्षिक	P	2

लक्ष्य (Aims) :

अनुवाद जिस तरह भाषा का अंतरण होता है उसी तरह अनुवाद सांस्कृतिक, सामाजिक सेतु के रूप में भी कार्य करता है। अनुवाद के स्वरूप एवं प्रविधि को समझने के पश्चात अनुवाद व्यवहार महत्वपूर्ण चरण है। इसमें साहित्यिक और साहित्येतर अनुवाद कार्य प्रत्यक्ष करने से अनुवाद में कुशलता संभव है। अनुवाद का महत्व हर क्षेत्र में होने के कारण रोजगार के भी अनेक अवसर खुल गए हैं। बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनी में अनुवाद की आजकल नितांत आवश्यकता है। साथ ही केंद्र सरकार के विविध कार्यालयों में अनुवादक के पद होते हैं। अतः साहित्य और साहित्येतर क्षेत्र में अनुवाद का विशेष महत्व है। अनुवाद सिद्धांत को समझने के उपरांत प्रत्यक्ष अनुवाद करके सांस्कृतिक सेतु बनकर वित्तीय आय भी संभव है। इसलिए प्रथम वर्ष कला स्नातक के छात्रों के पाठ्यक्रम में अनुवाद व्यवहार विषय आवश्यक है।

पाठ्यक्रम अध्ययन के परिणाम (Course learning Outcomes):

इस पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के पश्चात् निम्नलिखित परिणाम प्राप्त होंगे:

1. अनुवाद की अवधारणा समझेंगे।
2. छात्र प्रत्यक्ष अनुवाद करने के लिए प्रेरित होंगे।
3. अनुवाद करने के लिए आवश्यक दृष्टि विकसित होगी।
4. साहित्यिक और साहित्येतर अनुवाद चुनौतियों को समझेंगे।
5. अनुवाद की समस्याओं को समझेंगे।
6. अनुवाद करते समय सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भों को समझते हुए उनका प्रयोग करेंगे।
7. स्वयं सफल अनुवादक बन सकेंगे।
8. रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे।
9. सांस्कृतिक वैविध्य जानने के लिये अनुवाद का महत्व समझ में आएगा।
10. अनुवाद कार्य से निरंतर अध्ययन करने की प्रेरणा मिलेगी।

MAPPING PROGRAM OUTCOMES WITH COURSE OUTCOMES & LEVEL OF MAPPING

[3= Fully Met, 2= Partially Met, 1= Poorly Met, Blank= Not Met]

Graduate Attributes	Disciplinary Knowledge	Communication Skills	Critical Thinking	Problem Solving	Analytical reasoning	Research-related Skills	Cooperation/ Team work	Scientific reasoning	Reflective thinking	Self-directed learning	Information / Digital literacy	Multicultural Competence	Moral & Ethical Values	leadership Readiness	life-long learning	Domen Knowledge	Professional Skill	Research	Social Responsibility	Personality Development
	PO-1	PO-2	PO-3	PO-4	PO-5	PO-6	PO-7	PO-8	PO-9	PO-10	PO-11	PO-12	PO-13	PO-14	PO-15	PSO-1	PSO-2	PSO-3	PSO-4	PSO-5
CO-1	3									2					1	2				1
CO-2	3									2					1	2				1
CO-3	3		3			2		2		2				1	1	2		2	2	1
CO-4	3			3			1			2	1				1	2				1
CO-5	3			3						2					1	2				1
CO-6	3	3		3	3	2			2	2	1	2	2	1	1	2		2	2	1
CO-7	3				3					2					1	2	2			1
CO-8	3									2					1	2	2			1
CO-9	3								2	2		2		1	1	2				1
CO-10	3						1			2				1	1	2				1
Wgt Avg	3	3	3	3	3	2	1	2	2	2	1	2	2	1	1	2	2	2	2	1

शिक्षा विधि (Pedagogy) :

प्रत्यक्ष कार्य विधि।

इकाई	पाठ्यविषय	तासिकाएँ
इकाई - I	प्रात्यक्षिक-साहित्यिक अनुवाद काव्य, कहानी, उपन्यास तथा नाटक का प्रत्यक्ष अनुवाद कार्य (25 पृष्ठों तक)	30
इकाई - II	प्रात्यक्षिक - साहित्येतर अनुवाद विज्ञापन, समाचार पत्र, संविधान, अधिनियम, अध्यादेश,बैंक, रेल, रक्षा, कृषि, खेल और विधि अनुवाद कार्य (25 पृष्ठों तक)	30

प्रात्यक्षिक परीक्षा के लिए बाह्य परीक्षक के द्वारा मूल्यांकन अनिवार्य है । बाह्य परीक्षक संबंधित महाविद्यालय से मान्य नहीं है। वह दूसरे महाविद्यालय में कार्यरत होंगे।

अंक विभाजन

आतंरिक मूल्यांकन - 30%

1. 15 अंकों के लिए इकाई I अथवा II में से प्रत्यक्ष अनुवाद कार्य पर प्रश्न ।

सत्रांत परीक्षा - 70%

1. प्रत्यक्ष अनुवाद के लिए मराठी कविता/कहानी का अंश दिया जाएगा। हिंदी अनुवाद के लिए इकाई I पर चार प्रश्न, जिनमें से दो प्रश्नों का हिंदी अनुवाद कर उत्तर लिखने हैं। $2 \times 10 = 20$
2. इकाई II पर दो प्रश्न, जिनमें से एक प्रश्न का हिंदी अनुवाद कर उत्तर लिखने हैं। $1 \times 10 = 10$
3. इसी इकाई पर बैंक और रेल क्षेत्र से संबधित मराठी /अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद के लिए दो प्रश्न, अथवा में दिए जाएंगे। एक का हिंदी अनुवाद कर उत्तर लिखना होगा। $1 \times 5 = 5$

संदर्भ ग्रंथ :

1. अनुवाद विज्ञान - भोलानाथ तिवारी
2. अनुवाद सिद्धांत और प्रयोग - प्रो. जे. गोपीनाथन, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
3. अनुवाद कला - डॉ. एन. ई. विश्वनाथ अय्यर, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली
4. अनुवाद और रचना का उत्तर-जीवन - डॉ. रमण सिन्हा, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली

विषय कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक		Theory/Practical		कर्मांक
HIN - 281 - CEP	CEP	सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम	प्रात्यक्षिक	P	2

लक्ष्य (Aims) :

कम्युनिटी इंगेजमेंट प्रोग्राम एक ऐसा नवाचारी शैक्षणिक प्रयास है, जो छात्रों को अपने स्थानीय समाज, संस्कृति, इतिहास और विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनता है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्र न केवल अपनी जड़ों से जुड़ेंगे, बल्कि लोक जीवन की विविधता, रीति-रिवाज़ों और परंपराओं की गहराई से समझ भी विकसित करते हैं। जैसे - लोक उत्सव वृत्तांत, लोक विश्वास वृत्तांत और प्रदेश विशेष की लोक संस्कृति के संदर्भ में सर्वेक्षण जैसे कार्य छात्रों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूक बनाते हैं। ये अनुभव उन्हें पुस्तकीय ज्ञान से आगे ले जाकर जीवन मूल्यों, सामाजिक संरचनाओं और सामूहिक चेतना की वास्तविक समझ प्रदान करते हैं।

इस पाठ्यक्रम का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि यह छात्रों में शोध, लेखन, सृजनात्मकता और विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास करता है। गांव का इतिहास लेखन, स्वतंत्रता सेनानियों की वीर गाथा या प्रिंट मीडिया में प्रयुक्त हिंदी का स्वरूप अध्ययन जैसे कार्य छात्रों को सामाजिक विज्ञान, भाषा और इतिहास से जोड़ते हुए उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं। इसके साथ ही स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार अध्यापक छात्रों से विभिन्न परियोजना करवा सकते हैं, जिससे शिक्षा अधिक प्रासंगिक, जीवंत और समुदाय-केंद्रित बनती है। इस प्रकार यह पाठ्यक्रम छात्रों को न केवल जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है, बल्कि उनमें सामाजिक सहभागिता और संवेदनशीलता की भावना भी उत्पन्न करता है।

पाठ्यक्रम अध्ययन के परिणाम (Course learning Outcomes):

इस पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के पश्चात् निम्नलिखित परिणाम प्राप्त होंगे।

1. छात्र स्थानीय लोक उत्सवों की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक महत्ता का विश्लेषण करने में सक्षम होंगे।
2. छात्र विभिन्न लोक विश्वासों की उत्पत्ति, संरचना एवं सामाजिक प्रभावों को समझ सकेंगे।
3. छात्र प्रदेश विशेष की लोक संस्कृति से संबंधित सर्वेक्षण विधियों का प्रयोग करते हुए विश्वसनीय सामग्री का संग्रह कर सकेंगे।
4. छात्र गाँव के ऐतिहासिक संदर्भों का संकलन कर, उसका तथ्यात्मक वृत्तांत लेखन कर सकेंगे।

5. छात्र स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों एवं देशभक्तों की वीर गाथाओं का संकलन व प्रस्तुतीकरण करने में दक्ष होंगे।
6. छात्र प्रिंट मीडिया में प्रयुक्त हिंदी भाषा के वर्तमान स्वरूप का विश्लेषण कर सकेंगे।
7. छात्र स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विषयवस्तु का चयन कर, सामुदायिक स्तर पर क्रियाशील हो सकेंगे।
8. छात्र सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्रों में संवाद, सहयोग व सहभागिता की भावना विकसित कर सकेंगे।
9. छात्र प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोतों से जानकारी संग्रह करने की क्षमता विकसित करेंगे।
10. छात्र रचनात्मक लेखन, साक्षात्कार एवं सर्वेक्षण तकनीकों के माध्यम से सामाजिक शोध कार्य करने में सक्षम होंगे।

MAPPING PROGRAM OUTCOMES WITH COURSE OUTCOMES & LEVEL OF MAPPING

[3= Fully Met, 2= Partially Met, 1= Poorly Met, Blank= Not Met]

Graduate Attributes	Disciplinary Knowledge	Communication Skills	Critical Thinking	Problem Solving	Analytical reasoning	Research-related Skills	Cooperation/ Team work	Scientific reasoning	Reflective thinking	Self-directed learning	Information / Digital literacy	Multicultural Competence	Moral & Ethical Values	leadership Readiness	life-long learning	Domen Knowledge	Professional Skill	Research	Social Responsibility	Personality Development
	PO-1	PO-2	PO-3	PO-4	PO-5	PO-6	PO-7	PO-8	PO-9	PO-10	PO-11	PO-12	PO-13	PO-14	PO-15	PSO-1	PSO-2	PSO-3	PSO-4	PSO-5
CO-1	3	3	3	3	3	3	3	2	2	3	2	3	3	2	2	3	2	2	2	2
CO-2	3	3		3	3	3	3	2	2	3	2	3	3	2	2	3		2	2	2
CO-3	3	3	3	3	3	3	3	2	2	3	2	3	3	2	2	3	2	2		2
CO-4	3	3	3		3	3		2	2	3	2	3	3	2	2	3	2	2	2	2
CO-5	3	3	3	3	3	3	3	2	2	2	2	2	3	2	2	3	2	2	2	1
CO-6	3			3		3		2	2	2	2	2	2		2	3	2	2		1
CO-7	3		3	3		3	3	2	2	2		2		2	2	3		2	2	1
CO-8	3	3	3	3	3	3	3	2	2	2		2	2	2	2	3	2	2	2	2
CO-9	3	3	3		3	3		2	2	2	2	2	2	1	2	3	2	2		1
CO-10	3	3	3	3	3	3		2	2	3	2	2	2	1	2	3	2	2	2	2
Wgt Avg	3	3	3	3	3	3	3	2	2	2.5	2	2.4	2.3	1.6	2	3	2	2	2	1.6

शिक्षा विधि (Pedagogy) :

सर्वेक्षण प्रत्यक्ष कार्य विधि।

इकाई	पाठ्यविषय	तासिकाएँ
इकाई I	1. लोक उत्सव वृत्तांत। 2. लोक विश्वास वृत्तांत। 3. प्रदेश विशेष की लोक संस्कृति के संदर्भ में सर्वेक्षण।	30
इकाई II	1. गांव का इतिहास लेखन। 2. शहीद देशभक्त, स्वतंत्रता सेनानियों की वीर गाथा लेखन। 3. प्रिंट मीडिया में प्रयुक्त हिंदी का स्वरूप गत अध्ययन। * अध्यापक स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर छात्रों को और किसी विषय पर संबंधित कार्य करवा सकते हैं।	30

अंक विभाजन:

आतंरिक मूल्यांकन - 30% (15 अंक)

1. 15 अंकों के लिए छात्र संगोष्टी/क्षेत्र भेंट/लिखित परीक्षा/मौखिक परीक्षा/वृत्तचित्र निर्माण/समुह चर्चा आदि।

सत्रांत परीक्षा - 70% (35 अंक)

